पी.जी.डी.ए.वी.कॉलेज (सांध्य) दिल्ली विश्वविद्यालय ने मनाया भारत में पुस्तकालय विज्ञान के जनक पद्मश्री डॉ एस आर रंगनाथन की जयंती

नई दिल्ली। फोकस न्यूज। लाईब्रेरीयन डे के अवसर पर 12 अगस्त को पीजीडीएवी कॉलेज सांध्य दिल्ली विश्वविद्यालय ने भारत में पुस्तकालय विज्ञान के जनक पद्मश्री डॉ. एस.आर. रंगनाथन की जयंती को धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर कालेज प्राचार्य प्रोफेसर रवीन्द्र कुमार गुप्ता ने पद्मश्री डॉ एस. आर. रंगनाथन के तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर अपनी पुष्पांजलि अर्पित कर समारोह में उपस्थित विद्यार्थियों व संकाय सदस्यों को संबोधित करते हुए पुस्तकालय विज्ञान के क्षेत्र में डॉ. एस.आर.रंगनाथन के अभूतपूर्व योगदान के बारे में बताया। प्रोफेसर गुप्ता ने कहा कि लाइब्रेरी साइंस के अंदर आज जो भी परिवर्तन हो रहे हैं उसकी नींव रखने का श्रेय देश के पहले विश्वविद्यालय पुस्तकालय अध्यक्ष पद्मश्री डॉ एस.आर. रंगनाथन को जाता है। आज हम भी अपने कॉलेज पुस्तकालय को डॉ.एस.आर.रंगनाथन द्वारा प्रतिपादित पुस्तकालय सिद्धांतों के अनुरूप बेहतरीन बनाने का पूर्ण प्रयास कर रहे हैं। इस अवसर पर कॉलेज पुस्तकालय कमेटी के संयोजक प्रोफेसर नागेंद्र शर्मा , लाइब्रेरी कमेटी के सदस्य प्रोफेसर नीलोत्पल मृणाल, एसोशिएट प्रोफेसर रमेश कुमार एवं संगीता शर्मा, पुस्तकालयाध्यक्ष पवन कुमार मैठानी, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. मयंक पाण्डेय, असिस्टेंट प्रोफेसर रनकेश मीणा के साथ–साथ आई.क्यू.ए.सी. की संयोजक प्रोफेसर अनीता बजाज एवं वरिष्ठ संकाय सदस्य प्रोफेसर मृदुला अरोड़ा, एसोसिएट प्रोफेसर रेणुकाधर बजाज, डॉ.राजकुमारी पाण्डेय, उदिता अग्रवाल, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. करिश्मा सारस्वत, सोनिका नागपाल, मीनाक्षी यादव, डॉ. ललिता, डॉ. नीलम कपूर, अकाउंट व प्रशासन के अधिकारी रवि वधवा व सुमित सुहाग सहित कॉलेज के छात्र/छात्राएं, पुस्तकालय स्टाफ आदि विशेष रूप से उपस्थित रहा।